इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ (छ.ग.)
अवनद्ध वाद्य विभाग

कोविड 19 की विशेष परिस्थिति में अवनद्ध वाद्य विभाग में आयोजित होने वाली इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की ऑनलाइन परीक्षा, जुलाई–अगस्त 2021 के एम.ए. प्रथम तथा अंतिम (स्वाध्यायी) परीक्षार्थियों हेतु प्रायोगिक परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा निर्देश –

1. परीक्षार्थी को विषयवार दर्शाइ गई सभी प्रस्तुतियों को 7 मिनट के वीडियो में सम्मिलित कर एक पाठ्यक्रम का एक ही वीडियो बनाना है। प्रत्येक वीडियो की अवधि लगभग 7 मिनट ही होगी।
2. वीडियो में अपनी प्रस्तुति देने से पूर्व परीक्षार्थी को स्पष्ट रूप से अपना नाम, अपनी कक्षा का नाम, अपना रोल नम्बर, किस विषय और कोर्स पेपर के लिए दी जा रही वीडियो प्रस्तुति है, उसका नाम और दी जा रही प्रस्तुति का स्पष्ट विवरण देना अनिवार्य है। परीक्षार्थी द्वारा ऐसा नही किए जाने पर परीक्षक द्वारा उनका वीडियो अमान्य किया जा सकता है, जिसकी सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी स्वयम् परीक्षार्थी की होगी। अतः प्रस्तुति के पूर्व उक्त विवरण स्पष्ट रूप से दिया जाना आवश्यक है।
3. परीक्षार्थी द्वारा वीडियो फाइल को यथासंभव कम से कम mb में कंप्रेस करके उसे अपने महाविद्यालय के प्राचार्य/शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष को उनके द्वारा बताई गई email id अथवा whattsapp पर प्रेषित करना होगा। इसके लिए परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य/शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष से संपर्क कर जानकारी प्राप्त करेंगे।